'कृषि रथ' किया रवाना, जैविक खेती व पराली नहीं जलाने के प्रति करेगा जागरूक

किसानों को ई-टोकन के माध्यम से खाद खरीदने की दी जानकारी

भास्कर संवाददाता | मल्हारगढ़

खरीफ सीजन 2026 की तैयारियों को लेकर विकासखंड कृषि विभाग ने भानपुरा में किसान जागरूकता अभियान की शुरुआत की। कृषि विभाग परिसर से 'कृषि रथ' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ क्षेत्र की पंचायतों में पहुंचकर किसानों को ई-टोकन से खाद वितरण, उर्वरक उपलब्धता, उन्नत बीज चयन, जैविक खेती और पराली नहीं जलाने के प्रति जागरूक करेगा। रथ पर 'कृषि रथ-खरीफ 2026, जिला प्रशासन एवं कृषि विभाग, मंदसौर' का बैनर लगाया था।

कार्यक्रम में विकासखंड कृषि अधिकारी ने किसानों को ई-टोकन के माध्यम से खाद खरीदने, जैविक खाद व पोषक तत्वों के उपयोग को बढ़ाने तथा फसल के अनुसार गुणवत्तापूर्ण बीज चुनने की जानकारी दी। उन्होंने पराली जलाने से होने वाले नुकसान भी बताए। जिला मंत्री रामसिंह चौहान ने कहा कि किसानों तक योजनाओं की जानकारी समय पर पहुंचाने के लिए हर पंचायत में किसान समूह बनाए जाएंगे। उन्होंने ईंधन बचत का संदेश देते हुए स्वच्छ इलेक्ट्रिक वाहन उपयोग करने की बात कही। मंडल अध्यक्ष अदित्य मंगरोलिया, महामंत्री मनोज मेघवाल, जिला उपाध्यक्ष रेखा मंगलिया, राजेश मेहर, श्याम भावक, संदीप दुबे, लोकेश जांगड़े, गोवर्धनलाल मछली, आशीष कलवाडिया, भोला शंकर, दिनेश मांदलिया सहित किसान व भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

'कृषि रथ' को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते अतिथि।

डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरना दूसरे दिन भी रहा जारी

भास्कर संवाददाता | सीतामऊ

नगर में डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने की मांग को लेकर भीम आर्मी का अनिश्चितकालीन धरना दूसरे दिन भी जारी रहा।

संगठन का आरोप है कि वर्षों से प्रशासन और नगर परिषद सिर्फ आश्वासन दे रहे हैं लेकिन अब तक प्रतिमा स्थापना को लेकर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। 15 मई से शुरू हुए धरने में दूसरे दिन भी बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। भीम आर्मी जिला प्रभारी पारस आगाद सहित कई पदाधिकारी धरना स्थल पहुंचे।

शुक्रवार 4 बजे नायब तहसीलदार, नगर परिषद अध्यक्ष और थाना प्रभारी ने प्रदर्शनकारियों से चर्चा की। नगर परिषद अध्यक्ष ने 15 दिन के भीतर इंदू उद्यान में डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने और उद्यान संरक्षण को लेकर कार्रवाई का आश्वासन दिया लेकिन कार्यकर्ता लिखित निर्णय की मांग पर अड़े रहे। धरने का संचालन गुड्डन राठौर व पवन बीरवाल ने किया। रमेश सूर्यवंशी, प्रिंस सूर्यवंशी, पवन मौना सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

भास्कर CLASSIFIED
अब Classified Ad ऑनलाइन बुक करें - Call: 9772019222

भास्कर APPOINTMENT
तकनीकीकर्मी
हमको इलेक्ट्रान मेशिलिंग, सुतली, पीपी, एलडी- एयाम, प्रिंटिंग मशीन के लिए ऑपरेटर एवं मशीन मालवा की जरूरत है। मनोजनम् प्लास्ट उद्योग एसएलपी, शिवगंज (राजस्थान) 94147-12030 77423-20480

प्रॉपर्टी
PROPERTY
रेसीडेंशियल-फॉर सेल
RESIDENTIAL-FOR SALE
फार्महाउस
केवल है- ग्राम बगदी (जावरा) तहसील सलवाद जिला खरगोन स्थित फार्महाउस 2.935 हेक्टर जमीन, जिसमें हेलीपेड मकान, दो बोरी, ट्यूबवेल सिंचित और पूरी बाउंड्री तीनों पोल और 5 फीट की जाली से सुरक्षित है, 9425480073, 8319234437

मल्टी प्रॉपर्टी
प्लॉट खरीदना बेचना -महालक्ष्मीनगर, हरिकृष्ण विहार, पंचवटी, शिवधाम फार्म, सोईकुण्ड, पावनधाम, राधिका पैलेस, मंगल एकेन्द्र, धनलक्ष्मी, लेण्डमार्क, प्रिंसेज स्टेट, सैटेलाइट जंक्शन, पोलिसाइ, संतकृपा सुखधाम, सांवरिया विहार, स्काई स्मार्ट सिटी, प्लेटीनम रेजीडाइज, इन्फोसिटी, सिंगापुर गोल्ड सिटी, IDA 94, 134, 136, 114 लोई बिल्डर्स 98265-64646, 98276-16168

ज्योतिष
ASTROLOGY
ज्योतिष
फीस नहीं इनाम लूंगा पंडित रविशंकर (गोल्ड मेडलिस्ट) अमवाला प्यार/शादी छलकलेश पति-पत्नी में अनबन सौतन-दुश्मन छुटकारा प्रेमविवाह पर बैठे सभी समाधान #9286387958

नाम परिवर्तन एवं ज्ञाहिर सूचना के विज्ञापन ऑनलाइन बुक करें

छोटा विज्ञापन, बड़ा फायदा

बिजनेस
BUSINESS
बिजनेस
Join Hands With Fastest Growing Beauty And Accessories Brand
ZILA
A HIGH GROWTH FRANCHISE OPPORTUNITY
20% 24M 40
CALL TO KNOW MORE +91 7014 123 711

रिश्तों को जोड़ने का सशक्त माध्यम भास्कर वैवाहिक

DB Corp Ltd
पाठकों को इस प्रकाशन में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में पैसे देकर, कोई भी कार्य करने या किसी भी वादे करने पर भरोसा करने से पहले कृपया पुष्टि कर लें और प्रस्ताव की सही और सत्यता की जानकारी ले लें। डीबी कॉर्प लिमिटेड विज्ञापनदाताओं के उत्पादों और सेवाओं की जांच किए बिना या दावों की सिफारिश नहीं करता है। डीबी कॉर्प लिमिटेड के प्रिंट, प्रसारण, संपादक और पाठकों: अगर विज्ञापनदाता ऐसे दावों का समर्थन नहीं करते हैं तो दैनिक भास्कर प्रकाशन समूह को किसी भी परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकेगा।

बन रहा 7 पिलर वाला पुल • बारिश से पहले स्लैब कार्य पूरा करने की तैयारी

बस स्टैंड से वैभव नगर ब्रिज का काम टॉप गियर में, अगस्त से दौड़ेंगे वाहन

प्रोपोज्ड बस स्टैंड वैभव नगर मार्ग को जोड़ने वाली रपट की जगह बन रहे ब्रिज के पिलर।

भास्कर संवाददाता | मंदसौर

प्रोपोज्ड बस स्टैंड और वैभव नगर को जोड़ने वाली जर्जर रपट की जगह बन रहे नए ब्रिज का निर्माण कार्य एक बार फिर तेज गति से शुरू हो गया है। करीब डेढ़ करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले इस पुल में फाउंडेशन कार्य पूरा होने के बाद अब पिलरों का निर्माण किया जा रहा है।

नगरपालिका का दावा है कि बारिश शुरू होने से पहले पिलर और स्लैब का काम पूरा कर दोनों सिरों को जोड़ दिया जाएगा जबकि फिनिशिंग कार्य बारिश के दौरान भी चलता रहेगा। लक्ष्य जुलाई-अगस्त तक पुल को आवागमन के लिए शुरू करने का है।

यह मार्ग शहर के सबसे व्यस्त संपर्क मार्गों में शामिल है। वैभवनगर, पटवा कॉम्प्लेक्स, शहाबुद्दीन बाबा दरगाह क्षेत्र सहित सात से अधिक कॉलोनियों को यह सीधे प्रोपोज्ड बस स्टैंड और नीमच-मंदसौर शहरी हाईवे से जोड़ता है। मंदसौर की ओर से आने वाली अधिकांश बसों भी इसी मार्ग से बस स्टैंड पहुंचती हैं। प्रतिदिन 25 हजार से अधिक लोगों का आवागमन इस रास्ते से होता है।

डेढ़ वर्षों से रपट जर्जर स्थिति में थी। 2022 में पुल निर्माण का प्रस्ताव बना लेकिन तब केवल मरम्मत कर काम चलाया। पिछले वर्ष बारिश में रपट का बड़ा हिस्सा बह जाने के बाद आवागमन बंद करना पड़ा। इसके बाद नगरपालिका ने 1.50 करोड़ रुपए की लागत से पुल निर्माण स्वीकृत कर टेंडर प्रक्रिया पूरी की।

इस वर्ष प्रारंभ में वर्क ऑर्डर जारी होने के बाद निर्माण शुरू हुआ लेकिन बीच में काम धीमा पड़ गया था। अब दोबारा तेजी आई है। पुल कुल सात पिलरों पर बनाया जा रहा है। दोनों किनारों के पिलरों के साथ बीच के पांच पिलरों का निर्माण तेजी से चल रहा है। बस स्टैंड की तरफ का पिलर लगभग तैयार हो चुका है, जबकि बीच के अधिकांश पिलर आधी से अधिक ऊंचाई तक बन चुके हैं। नगरपालिका के अनुसार मई अंत तक पिलर कार्य और जून तक स्लैब निर्माण पूरा करने की तैयारी है, ताकि बारिश में आवागमन प्रभावित न हो।

ब्रिज की खास बातें

- लंबाई करीब 45 मीटर
- 7 पिलर पर निर्माण
- रेलवे ट्रैक के ऊपर से आवागमन
- अगस्त तक शुरू करने का लक्ष्य
- 25 हजार लोगों को मिलेगा सीधा फायदा

नए ब्रिज की लंबाई करीब 45 मी. व ऊंचाई 5 मीटर

प्रोपोज्ड बस स्टैंड-वैभव नगर मार्ग रपट की जगह नए ब्रिज की लंबाई करीब 45 मीटर होगी। चौड़ाई 7 मीटर और ऊंचाई करीब 5 मीटर। ब्रिज पर राहगीरों के लिए दोनों तरफ पाथवे का भी प्रावधान रखा गया। ताकि राहगीरों का आवागमन में दिक्कत न हो। यह कुल सात पिलर पर खड़ा होगा।

निर्माण कार्य की निरंतर मॉनिटरिंग भी की जा रही

प्रोपोज्ड बस स्टैंड-वैभव नगर के बीच ब्रिज निर्माण कार्य गति से चल रहा है। कार्य की नियमित मॉनिटरिंग भी की जा रही है। ताकि समय पर कार्य पूर्ण होकर जनता के आवागमन के लिए इसे खोला जा सके।
-दुर्गा बामनिया, सीएमओ नया नीमच

स्वरचित कविता के माध्यम से शिक्षक पाटीदार का सम्मान

भास्कर संवाददाता | मंदसौर

राजकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्र. 2 मंदसौर में ग्रीष्मकालीन व हायर सेकेंडरी पूरक परीक्षाओं के दौरान शनिवार को आगामी माह में सेवानिवृत्त होने जा रहे शिक्षक नंदकिशोर पाटीदार का सम्मान किया। शिक्षकों ने शिक्षा क्षेत्र में उनके योगदान को याद करते हुए अभिनंदन किया। मुख्य अतिथि केंद्राध्यक्ष गोविंदराम सुहेल ने स्वरचित कविता के माध्यम से अभिनंदन-पत्र का वाचन कर सम्मान किया।

सहायक केंद्राध्यक्ष संजय कुमार पुरोहित ने उनके योगदान को प्रेरणादायी बताया। वरिष्ठ शिक्षक निरंजनलाल त्रिवेदी ने संचालन करते हुए पाटीदार की कार्यशैली और समर्पण का उल्लेख किया। प्राथमिक शिक्षक सुंदरलाल प्रजापत ने बताया कि पाटीदार द्वारा लगाए गए सैकड़ों नीम के पौधे अब वृक्ष बन चुके हैं। शिक्षक नरोत्तम पंचोल ने जानकारी दी कि 30 जून को विद्यालय विद्यालय में उनका सेवानिवृत्ति समारोह होगा। सम्मान से भावुक पाटीदार ने करीब 40 वर्षों के योगदान में मिले सहयोग के लिए साथियों और अधिकारियों का आभार जताया।

स्वदेशी जागरण मंच का जिला विचार वर्ग 31 को

कार्यालय में जुटेंगे कार्यकर्ता, मिलेगा मार्गदर्शन

भास्कर संवाददाता | मंदसौर

स्वदेशी जागरण मंच मंदसौर की बैठक में आगामी गतिविधियों व संगठन विस्तार को लेकर चर्चा की। सर्वसम्मति से तय किया कि जिला विचार वर्ग का आयोजन 31 मई को संघ कार्यालय 'समर्पण' हाकिम कॉलोनी में होगा।

एक दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग में जिलेभर से कार्यकर्ता शामिल होंगे, जिन्हें वरिष्ठ मार्गदर्शकों का बौद्धिक मार्गदर्शन मिलेगा। विभाग संयोजक दिलीप व्यास ने कहा कि भारत को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए स्वदेशी उत्पादों को अपनाना जरूरी है। कार्यकर्ताओं को यह विचार जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लेना चाहिए। विभाग सहसंयोजक अंकुश पालीवाल ने बताया कि प्रशिक्षण वर्ग में स्वदेशी के क्रियान्वयन और वैचारिक स्पष्टता पर विशेष सत्र होंगे।

जिला संयोजक दिलीप चौधरी ने तैयारियों की समीक्षा कर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी। उन्होंने कहा कि यह आयोजन जिले में स्वदेशी आंदोलन को नई ऊर्जा देगा। जिला संपर्क प्रमुख डॉ. हेमंत नामदेव ने बताया कि विचार वर्ग को सफल बनाने के लिए जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा। बैठक में महेंद्र भार्गव, राजेश चौहान, अभिजीत सिंह मंडलोई, जितेंद्र पाटीदार, संजय नीमा, अभिजीत सिंह चौहान, कनिष्क शर्मा, भरत ओझा, सतीश बैरागी, कैलाश सांखला, मेजर उषा कुमावत, रेखा जोशी और विजय लक्ष्मी सांखला सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

'नानी बाई रो मायरो' कथा आज से होगी

उज्जैन | नगर में नानी बाई रो मायरो कथा का शुभारंभ रविवार 17 मई से होगा। यह 21 मई तक रोज सुबह 8 बजे से 11 बजे तक अद्वैत्य स्थित आत्मपूर्ण मालवी मंदिर परिसर में आयोजित होगा। वाचन कथाव्यास मदन नागर के मुखारविंद से होगा। कथा में भगवान श्रीकृष्ण की भक्त वत्सलता, परिवार एवं समाज में प्रेम, सेवा और त्याग का संदेश श्रद्धालुओं को दिया जाएगा।

नवरात्रि

आपके दुख के क्षण पूर्वक लिख लाल है कि हमारी बहनों
श्रीमती रामकुमारी स्वत्री
पति का नाम
जन्म दिनांक- 15/5/2026 से शुरू है
दिनांक 17/5/2026 दिनांक
समय 5.30 बजे शाम
दिनांक 21/5/2026 दिन बुधवार
पूर्णाहुति
प्रभात बाजी, रिमोट बाजी, प्रभोक बाजी
मो.- 9827066869, 9425352803

जैन सोशल ग्रुप ग्रेटर ने गौशाला में दिया चारा

गौसेवा कर जीवदया का संदेश दिया

कार्यक्रम में जैन सोशल ग्रुप मंदसौर ग्रेटर के मौजूद पदाधिकारी।

भास्कर संवाददाता | मंदसौर

जैन सोशल ग्रुप मंदसौर ग्रेटर द्वारा जीवदया प्रकल्प के तहत सकल जैन समाज अध्यक्ष लोकेन्द्र जैन गोठवाला परिवार की ओर से उनके पौत्र स्व. अभ्युदय जैन गोठवाला की स्मृति में गोपाल कृष्ण गौशाला में पशुओं को सुठान व हरे चारे का आहार कराया। कार्यक्रम में ग्रुप सदस्यों ने गौसेवा कर जीवदया का संदेश दिया।

ग्रुप अध्यक्ष प्रदीप डोसी ने बताया कि जीवदया प्रकल्प के अंतर्गत यह आयोजन समाज में सेवा और संवेदनशीलता की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सदस्यों ने उपस्थित होकर गौमाता को चारा खिलाया। इस दौरान मंत्र रिजन इलेक्ट अध्यक्ष प्रेमेन्द्र चौरडिया, फेडरेशन कन्वीनर सुनेश्वर बोथ, पूर्व अध्यक्ष अनिल जैन, रमेश जैन, प्रदीप पहाड़िया, महावीर पाटनी, कमलेश कटारिया, कविताबाल संघवी, तिलीप मेहता सहित कई सदस्य मौजूद रहे। संचालन अनील जैन ने किया। महावीर पाटनी ने लोकेन्द्र जैन परिवार के इस सेवा कार्य की सराहना करते हुए इसे अनुकरणीय पहल बताया। स्वचिव राकेश जैन बोथवाला ने आभार माना।

नाली का पानी सड़क पर, फिसल रहे बाइक सवार, निकासी करने की मांग

सचिव बोले : अधिकारियों ने निरीक्षण किया, जल्द समाधान होगा

भास्कर संवाददाता | कुण्डोदा

गांव के पीपल चौक से सोमलिया कलमी मार्ग पर नाली का पानी सड़क पर बहने से ग्रामीणों को लगातार फिसलने का खतरा बढ़ गया है। लगातार जलभराव के कारण रोज 1 से 2 बाइक सवार फिसलकर घायल हो रहे हैं।

शनिवार सुबह भानपुरा निवासी आमक अपनी साली राधाबाई के साथ बाइक से जा रहे थे। इसी दौरान पानी भरी सड़क पर बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। हादसे में राधाबाई के कूल्हे व पैर तथा आमक के घुटने में चोट आई। ग्रामीणों ने बताया कि समस्या लंबे समय से है। कई बार शिकायत के बावजूद ग्राम पंचायत और संबंधित विभाग ने स्थायी समाधान नहीं किया। ग्रामीणों के अनुसार तार-बढ़नन मार्ग निर्माण के दौरान पुरानी सड़क के ऊपर दोबारा आरसीसी नाला बी गई। इससे सोमलिया कलमी मार्ग करीब 10 इंच नीचे रह गया। इसी कारण नाली का पानी सड़क पर फैल रहा है। ग्रामीणों ने पीडब्ल्यूडी और ग्राम पंचायत से पानी निकासी की व्यवस्था कर दुर्घटनाएं रोकने की मांग की है। पंचायत सचिव प्रभाकर वर्मा ने बताया कि विभागीय अधिकारियों ने निरीक्षण कर लिया है और जल्द समाधान कराया जाएगा।

मार्ग में हुआ जलभराव। इससे वाहन चालक परेशान है।

पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank
अस्ति वसूली प्रबंधन शाखा
बी-12/1, 12/2, प्रेमन मंडिल, महावीर स्टोरेज केन्द्र, नागदाबाद, इन्दौर, E mail:cab328@pnb.bank.in

अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस

आम लोगों को और विशेष रूप से उधार लेने वाला और प्रत्याभूतिदाता को नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का प्रतीकात्मक कब्जा/सांकेतिक कब्जा (इनमें से जो भी लागू होता हो) प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी के द्वारा लिया गया है को जहां है जैसा है और जो कुछ भी है के आधार पर निम्नलिखित कीमतों एवं जमानतदारों से बैंक/प्रतिभूत लेनदार की निम्नलिखित रकम की वसूली हेतु निम्न दिनांक को बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य एवं अग्रिम धनराशि निम्नलिखित है :-

ई नीलामी दिनांक 23.06.2026 (ई-निलामी का समय : प्रातः 11.00 बजे से दोपहर 3.00 बजे तक प्रत्येक 10 मिनिट के अतिरिक्त विस्तार के साथ)
ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि : 22-06-2026 रात्रि 11.00 बजे तक

ऋणी/बंधनकर्ता का नाम एवं बंधक संपत्ति का विवरण	आरक्षित मूल्य धरोहर राशि	सात नोटिस डि. कब्जा दिनांक बकाया राशि
निविदाकार अपने प्रस्ताव रू 25000/- (रू पच्चीस हजार मात्र) के गुणांक में बढ़ा सकेंगे। अस्ति वसूली प्रबंधन शाखा	प्राधिकृत अधिकारी : श्री शशिकांत / श्री राहुल कुलकर्णी	9458278880/9993527700
1. श्री गोपेन्द्र परिहार मृतु पश्चात कानूनी वारिस - श्रीमती अपना परिहार, 2. श्री गोपेन्द्र परिहार मृतु पश्चात कानूनी वारिस -श्री अपना परिहार पुत्र गोपेन्द्र परिहार 3. श्री गोपेन्द्र परिहार मृतु पश्चात कानूनी वारिस -कु. मुस्कान परिहार पुत्री गोपेन्द्र परिहार, 4. श्रीमती अपना परिहार आवासीय प्लाट नं. 6-6 पर निर्मित डबल स्टोरी बिल्डिंग, मप्र राज्य कर्मचारी आवास निगम कॉलोनी, ग्राम- भुन्याखेड़ी, गाइडलाइन वार्ड नं. 39, मंदसौर, जिला मंदसौर (म.प्र.) क्षेत्रफल - 90.00 मीटर सीमाएं: पूर्व- प्लाट नं. 65, पश्चिम- प्लाट नं. एलआईजी - 67, उत्तर- कॉलोनी रोड, दक्षिण- प्लाट नं. ईडब्लूएस-22, संपत्ति मालिक- श्री गोपेन्द्र परिहार पुत्र श्री लाल प्रकाश परिहार (सांकेतिक आधिपत्य)	₹ 33,88,000/-	01-08-2026 18-11-2025
	₹ 3,38,800/-	₹ 2105753.97 दिनांक 31.07.2026 के पश्चात ब्याज अलग वसूली

नियम और शर्तें - 1. बिक्री सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियमों और शर्तों के अधीन होगा तथा निम्नलिखित शर्तों का पालन करना होगा। 2. संपत्तियों की बिक्री "जहां है जैसा है एवं जिस अवस्था में है" के आधार पर होगी। 3. उपरोक्त वर्णित संपत्तियों का विवरण प्रतिभूत लेनदार को प्राप्त जानकारी के आधार पर है। किन्तु प्रतिभूत लेनदार किसी भी त्रुटि, गलत जानकारी, चोगना में चूक के लिए जिम्मेदार नहीं होगा। 4. बिक्री अधिकृत आस्तियों ई-नीलामी सेवा प्रदाता के द्वारा दिनांक 23.6.2026 को वेबसाइट https://baanknet.com पर किया जायेगा।
इच्छुक बोली लगाने वाले /खरीददारों को निलामी के उचित समय से पहले वैध को सेवा प्रदाता PSB Alliance के संबंधित ई-निलामी वेब पोर्टल https://baanknet.com में रजिस्ट्रेशन का अपने मोबाइल हेल्पडेस्ट में ऑनलाईन मोड का उपयोग करके हेल्पडेस्ट सेवा को ट्रांसफर करना होगा। यदि मोबाइल हेल्पडेस्ट में हेल्पडेस्ट सेवा उपलब्ध नहीं है, तो निलामी बोली लगाने की अनुमति नहीं होगा। बिक्री के विस्तृत नियम व शर्तों के लिये https://baanknet.com & www.pnb.bank.in पर देखें।
दिनांक 16.05.2026, उज्जैन
सुरक्षित ऋणदाता, पंजाब नैशनल बैंक